हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 मार्च 2025

14 उपायुक्त ने खेतों में फसल गिरदावरी का किया निरीक्षण



16 संयुक्त किसान मोर्चा ने शहर में किया विरोध प्रदर्शन





## खबर संक्षेप



### नजरिया बदलो तो नजारे बदल जाएंगे: बीके रजनी

**भिवानी।** गांव बीरन में आयोजित मनन चिंतन शिविर के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दिव्य भवन रुद्रा कॉलोनी की संचालिका बीके रजनी ने कहा कि जब हम किसी भी परिस्थिति या व्यक्तियों को देखने का नजरिया बदलेंगे, तभी नजारे यानी कि वो परिस्थितियां भी बदल जाएंगी, क्योंकि अक्सर कहा जाता है कि संकल्प से सृष्टि बनती है, दृष्टि से सृष्टि बनती है इसलिए भले ही हम किसी के भी सामने कितनी भी अच्छी-अच्छी बातें करें। उन्होंने कहा कि अगर हमारे विचार उनके लिए अच्छे विचार नहीं है तो हमारी बातों से पहले उन तक हमारे विचारों के वाइब्रेशन पहुंच जाते हैं और इसी वजह से हमारे संबंध संपर्क में हर तरफ मनमुटाव, लड़ाई झगड़ा आदि देखने को मिलते हैं।



### प्रदेश की तरक्की के जनक रहे बंसीलाल

**भिवानी।** हरियाणा निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाले चौधरी बंसीलाल की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को प्रदेशभर में उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने गांव गोलागढ़ में उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल को हरियाणा की तरक्की का जनक बताते हुए कहा कि उनका योगदान राज्य के विकास में हमेशा याद रखा जाएगा। पूर्व सीएम को हरियाणा में आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक सुधारों के लिए जाना जाता है, हरियाणा की प्रगति में उनका योगदान अतुलनीय रहा। बंसीलाल ने अपने कार्यकाल के दौरान कृषि, बिजली, सड़कों और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक फैसले लिए, जो आज भी उनकी दूरदृष्टि का प्रमाण हैं।

## उपायुक्त ने खेतों में फसल गिरदावरी का किया निरीक्षण

# राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि गिरदावरी में न हो लापरवाही

- पटवारी खेतों में मौके पर जाकर करें गिरदावरी : उपायुक्त महावीर कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक ने शुक्रवार को क्षेत्र के गांव झांवरी, तोशाम आदि गांवों में फसलों की गिरदावरी का निरीक्षण करते हुए फसलों का मिलान भी किया।

उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को गिरदावरी कार्य से सम्बंधित कार्य को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि फसलों की गिरदावरी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त महावीर कौशिक ने पटवारियों को सख्त निर्देश दिए कि खेतों में मौके पर जाकर गिरदावरी करें। उपायुक्त ने कहा है कि गिरदावरी खेती से जुड़ी एक अहम प्रक्रिया है, जो साल में दो बार रबी और खरीफ की फसल के दौरान की जाती है। उन्होंने सजरा व टैब में दर्ज जानकारियों का मिलान किया। उपायुक्त ने फसलों की गिरदावरी की पड़ताल करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर स्वयं भी गिरदावरी में दर्ज जानकारी का फिल्ड में जाकर मिलान करें। फसलों की गिरदावरी एक महत्वपूर्ण कार्य है ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसी गिरदावरी के अनुसार मंडी में उपज की खरीद होती है व सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को मिलता है। इस दौरान तहसीलदार अशोक कुमार, नायब तहसीलदार संजय शर्मा, कानूनगो राजेन्द्र जाखड़, कानूनगो लदीप, कानूनगो महेंद्र, पिंकी व नागेंद्र पटवारी आदि उपस्थित रहे।


भिवानी। खेतों में जाकर गिरदावरी की जांच करते उपायुक्त।


भिवानी। पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल की समाधि पर पुष्प अर्पित करते हुए।

## पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

- पूर्व मुख्यमंत्री के पैतृक गांव गोलागढ़ में कार्यकर्ताओं ने समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व मुख्यमंत्री स्व चौ बंसीलाल की 19वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव गोलागढ़ में उनकी समाधि पर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। शीशराम चेयरमैन ने कहा कि स्व चौधरी बंसीलाल एक युग एवं विकास पुरुष थे। उन्होंने गांव-गांव तक बिजली, पानी, सड़क पहुंचाया। उनकी कथनी और करनी एक जैसी थी और उन्होंने रेतीले टीलों में लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम के द्वारा पानी पहुंचाया। उन्होंने भिवानी और महेंद्रगढ़ जैसे क्षेत्र में ईख और धान के सपनों को पूरा किया।

उन्होंने कहा कि स्व. चौधरी बंसीलाल व स्व. चौधरी सुरेंद्र सिंह की विरासत को राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी बढ़ा रही है। उनके पद चिन्हों पर चलकर आमजन की भलाई के लिए क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करवा रही है। स्व चौधरी बंसी लाल की पोती श्रुति चौधरी भी अपने दादा और पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। स्व. चौधरी बंसीलाल की नेक नियत और नीति के बूते 1966 में बना हरियाणा प्रदेश आज न केवल देश का बल्कि वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी और खुशहाल राज्य बन कर उभरा है ।

### मेगा प्रोजेक्ट लाए

शीशराम चेयरमैन, एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, कृष्ण लेघा और ठाकुर अमर सिंह ने कहा कि चौ. बंसीलाल ने हरियाणा के हर गांव को बिजली और सड़क मार्ग से जोड़ा, पीने के पानी की व्यवस्थाएं करवाई। किसान के खेत को पानी मिले इसलिए लिफ्ट इरीगेशन स्कीम जैसे मेगा प्रोजेक्ट लाये गए जो की न केवल देश का बल्कि ऐशिआ का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट था। एसवाईएल नहर के निर्माण को नेशनल प्रोजेक्ट बनवाने वाले भी चौ बंसीलाल थे। इस अवसर पर शीशराम चेयरमैन, हरिसिंह, कृष्ण लेघा, अमर सिंह, प्रदीप गोलागढ़, सुरेश कुमार गोलागढ़, धर्मपाल शर्मा, अजीत सरपंच, संदीप गोलागढ़, रमेश लालावास, सतीश, पूर्व बीडीसी सुरेंद्र शर्मा लाला, राजेश धनखड, ताराचंद शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, जयपाल, चंद्रभान, बृजेश बीडीसी, सुनील आदि मौजूद रहे।

### बेहतर रोजगार प्रदान करती है नाबार्ड योजना

**चरखी दादरी ।** भारत सरकार द्वारा नाबार्ड के माध्यम से शुरू की गई कृषि अवसंरचना कोष योजना से रोजगार के बेहतर साधन स्थापित किए जा सकते हैं। योजना के तहत संबंधित को अधिकतम सात साल तक के लिए दो करोड़ रूपये तक का लोन मिलता है, जिसमें दो सालों तक ऋण वापसी स्थगन अवधी भी शामिल है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से प्रदेश में कृषि अवसंरचना कोष योजना क्रियान्वित की जा रही है, जिसके तहत विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं के लिए अनुदान पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए करेंगे प्रोत्साहित

- प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट योग करना जरूरी : बिजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र द्वारा फिट इंडिया अभियान के तहत शुक्रवार को साई सैंटर स्थित पार्क में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया।

कुश्ती मुख्य प्रशिक्षक हेमंत यादव ने बताया कि कार्यक्रम चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की अनुदेशक मंजु रानी और नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के योगाचार्य व पंतजलि अनुदेशक बिजेश जावला जेई की देखरेख में आयोजित हुआ। मंजु व बिजेश जावला ने योगा करवाया तथा योग महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 200 पुरुष-लड़के तथा 150 महिला-लड़कियां मौजूद रही। योग प्रशिक्षकों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी कुलदीप ने फिट इंडिया अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम फिट इंडिया अभियान के तहत किया, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट जरूर योग करना चाहिए, विशेषकर विद्यार्थियों को योग जरूर अपनाना चाहिए, जिससे बच्चों में एकाग्रता बढ़ती है, वे पढ़ाई व खेल और बेहतर तरीके से ध्यान लगाकर सफलता हासिल कर सकते है।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए पेश

- बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा देना बहुत जरूरी : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शारदा मिडिल स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को हनुमान जोहड़ी मंदिर के विवेकानंद सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने शिरकत की।

मंदिर के महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके अलावा विद्यार्थियों ने मंच के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य कैलाश कौशिक ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कौशिक ने कहा कि बच्चों को सभ्य नागरिक बनाने में शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवतापरक शिक्षा देना बहुत जरूरी है, क्योंकि बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी स्कूल होती है। इस मौके पर गुलशन प्रधान सब्जी मंडी, डॉ. राजकुमार, डॉ. रवि हिसारिया, डॉ. नीरज मित्तल, रमेश सैनी, सुरेंद्र कुमार, सुखबीर दुहन, सदानंद शर्मा, आरती शर्मा, विजय सिंहमार, मयंक कौशिक, दीपिका, मीनाक्षी, सुनील, मयंक, दीपिका, गीतांशु, विकास, निखिल व बादल आदि मौजूद रहे।


भिवानी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि विरेंद्र कौशिक व अन्य।

## आपदा के समय सही जानकारी जीवन बचाने में अहम

- रेडक्रास सोसायटी का प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष महाबीर कौशिक के मार्गदर्शन में शुक्रवार को वैश्य महाविद्यालय में एक दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने विद्यार्थियों को जीवनदायनी विधि सीपीआर, रिकवरी पोजिशन, हड्डियों के टूट के कारण व उनके उपचार, सांप काटने पर दी जाने वाली सहायता, स्ट्रोक के समय दी जाने वाली फर्स्ट एड, जानवरों के काटने पर दी जाने वाली सहायता, घायल व्यक्ति को ले जाने की विधियों के बारे में जानकारी दी। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। रैडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि आपदा के समय सही जानकारी और त्वरित निर्णय जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ये प्रशिक्षण विद्यार्थियों को समाज में अधिक जिम्मेदार नागरिक बनाएगा, ऐसे प्रशिक्षण शिविरों में विद्यार्थियों को आपदाओं जैसे भूकंप, अग्निकांड, सड़क दुर्घटनाएं और अन्य आपात स्थितियों में आवश्यक प्राथमिक उपचार प्रदान करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाती है।


भिवानी। फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देते जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार।

### 973 छात्रों को प्रशिक्षण

सचिव प्रदीप ने बताया कि जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा वर्ष 2024-25 में भिवानी जिला के 11 महाविद्यालयो के 973 युवक-युवतियों को प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया। इस पहल का महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों को अहम जानकारियां मिलती है, जो न केवल हमारे लिए बल्कि समाज के लिए भी फायदेमंद साबित होती है। इस अवसर पर डॉ. अनिल, डॉ. मधु यूथ रेडक्रॉस इंचार्ज, डॉ. अनिल तंवर एनसीसी इंचार्ज, डॉ. कृष्ण शर्मा, डॉ. रत्तन सिंह, डॉ. सतीश श्योराण आदि मौजूद रहे।

## अधिकारी की खाली कुर्सी पर रोषपूर्वक चढ़ाई फूलमाला

- जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी का दो महीने से पद रिक्त, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**चरखी दादरी।** शुक्रवार को जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्यों और सरपंचों ने अधिकारियों के रिक्त पदों को लेकर विरोध जताया।

उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी की कुर्सी पर फूलों की माला चढ़ाई और कर्मचारियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए गुलाब के फूल भेंट किए। जिला पार्षदों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। शुक्रवार को वार्ड 13 के पार्षद रविन्द्र सांगवान की अध्यक्षता में जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य और सरपंच जिला परिषद चेयरमैन के कार्यालय में एकत्रित हुए। उन्होंने एडीसी और जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी के रिक्त पदों को लेकर विरोध जताया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्य अधिकारियों के पद रिक्त होने के कारण विकास कार्य रुके हुए हैं।


**चरखी दादरी।** जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी की कुर्सी पर माला चढ़ाते पार्षद व पंचायत प्रतिनिधि।

## हाईकोर्ट न्यायाधीश ने किया लोहारू कोर्ट का निरीक्षण

- बार ने हाईकोर्ट न्यायाधीश संजीव प्रकाश का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

शुक्रवार पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश माननीय संजीव प्रकाश ने सेशन जज डीआर चालिया, सीजेएम मीता कोहली, सीजेएम पवन कुमार के साथ लोहारू कोर्ट काम्पलेक्श का दौरा किया और बार सभागार में अधिवक्ताओं से रूबरू होकर कई विषयों पर चर्चा की।

बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश भारद्वाज ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के रूप में स्मृति चिन्हं भेंट किया। इससे पहले न्यायाधीश संजीव प्रकाश, सेशन जज डीआर चालिया, सीजेएम मीता कोहली, सीजेएम पवन कुमार, एसडीजेएम देवेंद्र सिंह, जेएमआईसी हिमांशु जांगड़ा ने अधिवक्ताओं के साथ कोर्ट परिसर में पौधा रोपण किया।

बार सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट राजेश भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया और बार एसोसिएशन की तरफ से कोर्ट काम्पलेक्श का विस्तार करने, पुराना राजस्व रिकार्ड भिवानी से लोहारू लाने और लोहारू में एडीजे कोर्ट की शुरुआत करने की मांग रखी गई। जिस पर न्यायाधीश संजीव प्रकाश ने भरोसा दिलाया कि जल्दी ही कोर्ट काम्प्लेक्श का विस्तार करवाया जाएगा तथा नई बिल्डिंग सभी सुविधाओं से युक्त होगी।


**लोहारू।** लोहारू बार एसोसिएशन सभागार में हाईकोर्ट जस्टिस संजीव प्रकाश को श्रीगणेश की प्रतिमा भेंट करते हुए बार प्रधान राजेश भारद्वाज व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीएम मनोज दलाल बार एसोसिएशन प्रधान राजेश भारद्वाज, सचिव विकास श्योराण, उपप्रधान कुलदीप मान, एडवोकेट मनोज कुमार, संजय श्योराण, सुनील श्योराण, विनोद श्योराण, रामदत्त श्योराण, राहुल शर्मा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र चौहान, रामनारायण श्योराण, राजेश शर्मा, राजीव दीक्षित, राजीव आनंद, अमित शर्मा, रामपाल राठोड, रामनिवास जांगड़ा, नवीन श्योराण, प्रवीण जांगड़ा, विवेक सिंघल सहित बार एसोसिएशन के अनेक सदस्य मौजूद थे।

## कार्यकर्ता बैठक में तोशाम हलके से उमड़ा जनसमूह

- पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुण्यतिथि पर अनिरुद्ध चौधरी ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

**तोशाम।** पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की 19वीं पुण्यतिथि पर तोशाम क्षेत्र के गांव गोलागढ़ स्थित चौधरी बंसीलाल स्मृति स्थल पर बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम तथा कार्यकर्ता बैठक में तोशाम हलके से उमड़े जनसैलाब ने एक बार फिर अनिरुद्ध चौधरी के हाथ मजबूत किए।

इस दौरान तोशाम हल्के से उमड़ी भारी भीड़ को देखकर अनिरुद्ध चौधरी भी गदगद दिखाई दिए। सर्वप्रथम अनिरुद्ध चौधरी ने अपने दादा चौधरी बंसीलाल की 19वीं पुण्यतिथि पर उनके स्मृति स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि देते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनके दादा चौधरी बंसीलाल का तोशाम हलके के बच्चे बच्चे के साथ पारिवारिक रिश्ता था।


**तोशाम।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी।

## टीबी उन्मूलन के लिए किया जागरूक

- अभियान के तहत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा एवं चरखी दादरी शाखा द्वारा गांव कलियाणा के एसबीईपीअल क्रेशर जोन विशेष टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए मजदूरों और क्षेत्रवासियों को जागरूक करना था। शिविर का आयोजन अंकुश मिगलानी के मार्गदर्शन में किया, जिसमें प्रधान हरियाणा माइनिंग क्रेशर संगठन सोमबीर संगवान ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है, जिससे मजदूरों को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके और भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने टीबी के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। साथ ही उपस्थित श्रमिकों एवं ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और आवश्यक जांच सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। सफल आयोजन पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बलवान सिंह ने क्रेशर मालिकों और मजदूरों का आभार जताया।


**चरखी दादरी।** क्रेशर जोन में भारत टीबी मुक्त अभियान में फ्री चैकअप में भाग लेते मजदूर लोग। फोटो : हरिभूमि

**आयोजन** जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा तब भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में लिया था अवतार

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीराम के जन्म और उनके विवाह का प्रसंग सुनाया

कथावाचक स्वामी पूर्णेन्दु ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट रजि. के संयोजन में कीर्ति नगर स्थित मंगेज भवन में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को सदगृहस्थ संत स्वामी पूर्णेन्दु ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जन्म और उनके विवाह का दिव्य प्रसंग सुनाया।

भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस पावन आयोजन में कथावाचक सदगृहस्थ संत स्वामी पूर्णेन्दु ने राम जन्म की दिव्यता और उनके जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डाला। जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा और राक्षसों का आतंक फैला, तब भगवान विष्णु ने अयोध्या के दशरथ के घर राम रूप में अवतार लिया। माता कौशल्या के गर्भ से कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का जन्म हुआ।


**भिवानी।** श्री मद्भागवत कथा में श्रीराम कथा का प्रसंग सुनाते हुए।

### कथा के दौरान भावविभोर हुए भक्तगण

जब भगवान राम गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचे, तो वहां राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया था। शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की कठिन शर्त रखी गई थी, जिसे केवल श्रीराम ने सहजता से उठाकर तोड़ दिया। इसी के साथ माता सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी और दोनों का शुभ विवाह संपन्न हुआ। कथा के दौरान भक्तगण भावविभोर हो गए और भजन-कीर्तन में मग्न हो गए। इस अवसर पर शिव शक्ति सनातन धर्म के अध्यक्ष प्रदीप पाराशर उर्फ सोनू, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, संतोष हुड्डा, माया मुदगिल, केला देवी तालु, राजेश सहरावत, श्रीनिवास शर्मा मिताथल, मंजीत तंवर, रामावतार, प्रवीण पाराशर, भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू सैनी, शशि परमार, सुनीता तंवर, चरणानंद मिताथल, श्यामवीर भटिंडा, नाहर सिंह, त्रिलोक मेहता, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज बोस, जगदीश बलियाली, आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


चरखी दादरी। जुगतीराम को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

### जुगतीराम को सेवानिवृति पर किया सम्मानित

**चरखी दादरी ।** जिला रोजगार कार्यालय दादरी में शुक्रवार को कार्यालय में कार्यरत उप-अधीक्षक जुगती राम के सम्मान में सेवा निवृति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने उप-अधीक्षक को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। जिला रोजगार अधिकारी शशि ने कहा कि जुगतीराम से कार्यालय के नए कर्मचारियों को बहुत कुछ सीखने को मिला और साथ ही उनके सोम्य और साधारण स्वभाव ने सभी को प्रभावित किया। हम सब इनके खुशहाल और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। कार्यालय के उच्च अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्टाफ ने पूर्ण सहयोग किया।

### उद्यमियों को 35% तक सब्सिडी दी जा रही

**चरखी दादरी ।** सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत उद्यमियों को 35% तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना के लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी।

### शिक्षा विभाग में 162 असिस्टेंट के पद खाली

**भिवानी।** शिक्षा विभाग द्वारा आज प्रमोशन लिस्ट जारी कर 49 क्लर्क को असिस्टेंट बनाया हैं, जबकि शिक्षा विभाग फील्ड में 162 पद असिस्टेंट के खाली थे। प्रमोशन की बाट जौह रहे बड़ी संख्या में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारी तो रिटायर ही हो गए। प्रमोशन लिस्ट में भी मात्र 49 को ही प्रमोट किया है। हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंद्ध सर्व कर्मचारी संघ की प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान की अध्यक्षता में गत 18 मार्च को डायरेक्टर के साथ शिक्षा सदन पंचकूला में मीटिंग हुई थी। क्लर्क से असिस्टेंट की पदोन्नति लिस्ट लगभग दो साल के लंबे इंतजार के बाद जारी की गई है, लेकिन शिक्षा विभाग की अफसरशाही की मनमानी के चलते क्लर्क से असिस्टेंट के पद पर मात्र 25 प्रतिशत आधी-अधूरी प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है। शिक्षा विभाग फील्ड में असिस्टेंट, स्टेटिकल असिस्टेंट, डिप्टी सुप्रीडेंट, सुपरिटेंडेंट के आज भी 50 % से ज्यादा पद रिक्त पड़े है।

### नगराधीश ने शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार की ओर से आम जनमानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रतिदिन लगाए जा रहे समाधान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में नगराधीश जितेंद्र कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य के लोगों की समस्या को प्राथमिकता देकर उनका निदान करने के लिए प्रयासरत है। यही कारण है कि सरकार ने लोगों की समस्याओं का समाधान शिविर लगाने का फैसला किया, जो पूरी तरह फलीभूत होता नजर आ रहा है।

# हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के बैनर तले सर्व समाज ने सांसद का पुतला फूंका

**खास बातें**

- सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग
- राणा सांगा जैसे वीरों पर अशोभनीय टिप्पणी करना उनके बलिदान और शौर्य का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा ऐतिहासिक योद्धा महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) को लेकर दिए गए विवादित ब्यान के विरोध में हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के बैनर तले सर्व समाज के लोगों ने शुक्रवार को शहर में रोष जताया तथा स्थानीय रोहतक गेट पर सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंककर उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने की मांग की। इस मौके पर हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने सांसद के इस ब्यान को निदंनीय बताते हुए उनसे जल्द से जल्द की जनता से माफी मांगे जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि राणा सांगा जैसे महान योद्धाओं व


भिवानी। सांसद रामजीलाल सुमन की विवादित टिप्पणी का विरोध जताते हुए।

वीरों ने देश को साहत एवं वीरता का पाठ पढ़ाया है। ऐसे में इस प्रकार के संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों द्वारा इस प्रकार की तुच्छ भाषा का प्रयोग करना कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महान योद्धा राणा सांगा को लेकर सांसद ने निदंनीय ब्यान देकर अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया है।प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर व सभा के जिला अध्यक्ष सतीश परमार ने कहा कि ने बीते 21 मार्च को सांसद ने सांसद रामजीलाल सुमन ने सनातन धर्म पर आघात कर अपने देशद्रोही होने का परिचय दिया है। जिसके विरोध में सर्व समाज के लोगों ने उनका पुतला फूंककर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ब्यान ना केवल देश के महापुरूषों के त्याग एवं बलिदान का अपमान है, बल्कि देश को तोडऩे की साजिश भी है। ऐसे में वे मांग करते है कि देश को तोडऩे की सोच रखने वाले सांसद रामजीलाल सुमन जैसे लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार किया जाना चाहिए रणधीर सिंह, गुलशन प्रधान सब्जी मंडी, सरजीत गुर्जर, रिंकू वर्मा, हरिसिंह यादव, महिपाल सिंह, गोपाल सिंह चौहान, जयपाल सिंह, बृजपाल सिंह परमार, सुभाष तंवर एमसी, संजय चौहान, संजय तंवर, कमांडो बीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, अनिल चौहान आदि मौजूद रहे।

### सांगा ने कभी घुटने नहीं टेके

अभिजीत लाल ने कहा कि राणा सांगा ना केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि उन्होंने मुगलों के खिलाफ संघर्ष कर भारत की रक्षा की थी। उनके बारे में कोई भी तथ्यहीन टिप्पणी करना ऐतिहासिक साक्ष्यों का अपमान है। उन्होंने कहा कि राणा सांगा ने कभी भी विदेशी ताकतों के आगे घुटने नहीं टेके। उनका बलिदान और शौर्य आज भी हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक शख्सियतों पर टिप्पणी करते समय नेताओं को सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि यह ना केवल सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करता है, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर अनावश्यक विवाद भी खड़ा कर सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सांसद रामजीलाल सुमन ने अपने इस निंदनीय बयान पर माफी नहीं मांगी तो करणी सेना अपना विरोध प्रदर्शन करने का काम करेगी।

## घोसियान चौक स्थित केआर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

# विद्यार्थियों ने जल-पर्यावरण संरक्षण और नशे से दूर रहने का दिया संदेश

- विद्यार्थियों का सबसे बड़ा दुश्मन है आलस्य एवं मोबाइल : आनंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। केआर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं व के आर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

घोसियान चौक स्थित केआर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। समारोह में विद्यार्थियों ने हरियाणवी, राजस्थानी, विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दी, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण व नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिसको देखकर सभी में तालियां बजाकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में अतिथियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले एवं मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों व स्कूल प्रबंधक संजय शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र एवं सेठ गुगनमल की प्रतिमा पर मालार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। बच्चों ने श्रीगणेश वंदना प्रस्तुत की। पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति से जुड़े पुराने खेल टायर चलाना, कंचे खेलना, गिल्ली डंडा, पित्थू फोड़, लुकम सुपाई आदि को शामिल कर डांस की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर आनंद महाराज ऋषिकेश से पहुंचे, जिन्होंने सबको भगवान की भक्ति की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आलस्य एवं मोबाइल विद्यार्थी का सबसे बड़ा दुश्यन है, क्योंकि विद्यार्थी जीवन मेहनत का समय होता है, ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी को आलस्य को त्यागकर एवं मोबाइल से दूरी बनाकर लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा से मेहनत करनी चाहिए, ताकि वे भविष्य में सफल बनाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें। इस मौके पर महंत चरणदास महाराज, पूर्वमंत्री वासुदेव शर्मा व पूर्व विधायक शशीरंजन परमार ने कहा कि ऐसे समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा आंकने के साथ-साथ उनमें आगे बढ़ने के लिए नए जोश एवं ऊर्जा का संचार करते है। स्कूल चेयरमैन हीरालाल अग्रवाल, रोशनलाल, रामप्रकाश, राहुल अग्रवाल, श्रीनिवास अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी गीता देवी, संजय अग्रवाल, बाबूराम गोयल व स्कूल प्रबंधक संजय शर्मा ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ को सफल आयोजन पर बधाई दी। इस मौके पर राहुल नरेंद्र शर्मा, पार्षद विनोद, सन्नी शर्मा, अनाजमंडी प्रधान संजय सिंगला, इंद्र केडिया, ईश्वर धामू, विष्णु आदि मौजूद रहे।



भिवानी। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

### गुणात्मक शिक्षा जरूरी: भवानी प्रताप

**भिवानी।** विवेकानंद हाई स्कूल में प्राइमरी शाखा का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। उत्सव में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के देशभक्ति, भक्ति, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में महंत चरणदास महाराज का सानिध्य रहा। मुख्यतिथि के रूप में नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व शहर थाना प्रभारी सतनारायण रहे। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक सावित्री यादव, पवन सैनी, जेसीआई स्टार क्लब के प्रधान संदीप अग्रवाल, कपिल शर्मा, गोपाल कुम्हारीवाला, बालाजी अकादमी के अध्यक्ष हरीश कोच, रजनी सर्राफ, स्वास्थ्यकर्मी वंदना यादव, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज आदि उपस्थित रहे। मुख्यतिथि भवानी प्रताप व शहर थाना प्रभारी सतनारायण ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के अंदर सामाजिक एवं राष्ट्रीय चिंतन के गुण होने बहुत जरूरी है।


भिवानी। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## केएम पब्लिक स्कूल के 272 छात्रों को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को सत्र 2024-25 की प्री-प्राइमरी से पांचवीं तक की कक्षाओं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधन समिति मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल, केएम ट्रस्ट के प्रबंधक पवन शर्मा, प्राचार्या रेनू सैनी, उपप्राचार्या नीलम गौतम, अमिता शर्मा, सुनील शर्मा तथा प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली ने मां सरस्वती व सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। छात्राओं ने 'सरस्वती वंदना' व शिक्षा पर प्रेरणादायक समूहनृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों, प्राचार्या तथा उपप्राचार्या ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नर्सरी से पांचवीं के 272 विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिसमें कक्षा नर्सरी के 24 विद्यार्थियों, एलकेजी के 43 तथा यूकेजी के 28 विद्यार्थियों ने ए प्लस तथा ए ग्रेड प्राप्त किया। कक्षा प्रथम से आनंदिनी ने 98.63, द्वितीय से लक्षिता कौत्स ने 99.75, तृतीय से दिव्या ने 99.88, चतुर्थ से अथर्व सिंह तंवर ने 100 व पांचवीं से नैतिक ने 98.35 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षाओं में शीर्ष स्थान पर रहे तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करवाने वाले छह विद्यार्थियों को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए। विद्यालय के पूर्व छात्र विशाल मित्तल व सुरुचि गुप्ता को सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा नमन नरूला व साक्षी अग्रवाल को भारतीय कंपनी सचिव की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया। मंच संचालन सारिका पंडित ने किया। समिति के अध्यक्ष मनीष सिंघानिया ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोडा व ट्रस्टी मयंक मोडा ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


भिवानी। साइक्लोथॉन यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते नगराधीश जितेंद्र कुमार।

### साइकिल यात्रा में रहेगी सक्रिय भागीदारी: जितेंद्र

**चरखी दादरी ।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन आगामी छह अप्रैल को भिवानी के जुई खुर्द से होते हुए दादरी जिले के उपमंडल बाढ़ड़ा में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। यात्रा का उद्धेश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है, ये बात नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने यात्रा की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। नगराधीश ने जिले के ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न एसोसिएशन, नशामुक्ति केंद्र आदि से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होते हुए यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा में जिले की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस मौके पर उन्होंने जिला वासियों से भी आह्वान किया कि वे हरियाणा उदय पोर्टल पर उपलब्ध के जरिए अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करते हुए नशे के खिलाफ इस मुहिम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। नगराधीश जितेन्द्र ने बताया कि साइक्लोथॉन छह अप्रैल को भिवानी के लोहानी, जुई खुर्द से होते हुए दादरी के उपमंडल बाढ़डा में प्रवेश करेगी।

# नागरिक अस्पताल में टीबी के लक्षण व बचाव के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में वल्ड हैल्थ पार्टनर संस्था की तरफ से शुक्रवार को एक दिवसीय टीबी गाईडलाईन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर, ब्लॉक स्तरीय चाईल्ड हैल्थ स्टेक होल्डर जीरो से 14 वर्ष तक के बच्चों में होने वाली टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य, उप सिविल सर्जन डा. सुमन विश्वकर्मा पहुंचे। इस मौके पर डब्ल्यूएचपी की स्टेट टैक्रीकल मैनेजर डा. एकता ने बच्चों में टीबी के सामान्य लक्षणों में लगातार खांसी, वजन कम होना, बुखार आना, रात में पसीना आना और भूख न लगना शामिल है। उन्होंने बताया कि अगर बच्चे में टीबी के लक्षण दिखें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करानी चाहिए। सरकार द्वारा टीबी के मुफ्त इलाज और पोषण सहायता की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर नागरिक अस्पाल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य व जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सुमन ने जिला में चल रही सभी टीबी संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य देश को टीबी मुक्त बनाना है।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## खेल में और निखार आएगा

## अजीत बॉक्सिंग क्लब की आरजू आयरलैंड में लेगी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अजीत बॉक्सिंग क्लब की महिला मुक्केबाज आरजू का आयरलैंड में बाक्सिंग के प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। कोच नवीन बल्हारा फ्रूटी ने बताया कि भारतीय बाक्सिंग टीम के साथ यूथ महिलाओं की मुख्य प्रशिक्षक अमनप्रीत के नेतृत्व में आयरलैंड में मुक्केबाजी का प्रशिक्षण हासिल करेंगी। आरजू इससे पहले भी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। क्लब प्रधान सुरेन्द्र सिवाच ने चयनित खिलाड़ी आरजू को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के बाद आरजू के खेल में और निखार आएगा। इस अवसर पर मनजीत अहलावत, शेर सिंह ग्रेवाल, सरपंच आशीष बैनिवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, डा. मनफूल ग्रेवाल, मा. अजय सुहाग, राजेश बैनिवाल, मोनू वर्मा, ओमबीर बैनिवाल, मनजीत सांगवान फौजी, विकास बेनीवाल, सतवेन्द्र सांगवान, कर्ण सिंह तंवर, धर्मबीर आदि मौजूद रहे।

**स्पर्धा** तीन दिवसीय तीसरी फास्ट फाइव सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता

# लड़कों के वर्ग में चंडीगढ़ ने बिहार तथा लड़कियों के वर्ग में छत्तीसगढ़ ने बिहार को हराया

- तीन दिवसीय राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में देशभर की 44 टीमें हिस्सा लेने पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा गांव कलिंगा स्थित स्कूल में जारी तीन दिवसीय लड़के व लड़कियों के वर्ग की तीसरी फास्ट फाइव सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। बता दें कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में देशभर की 44 टीमें हिस्सा लेने पहुंची, जिससे खेल के प्रति बढ़ती रूचि और प्रतिस्पर्धा की भावना का प्रदर्शन हो रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बड़े ही रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां सभी खिलाड़ियों ने


भिवानी। फास्ट फाइव सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में खेलती खिलाड़ी।

प्रतिद्वंदी को हराने के लिए पूरी जी-जान लगाकर खेला।प्रतियोगिता में बतौर मुख्यतिथि स्कूल की संचालिका रेणुका शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र दहिया, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रधान सुमन कौशिक, इतिहास प्रवक्ता राजेश नागर, चंडीगढ़ नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास शर्मा, टूर्नामेंट कमेटी के कन्वीनर लक्ष्मण, टैक्नीकल कमेटी के चेयरमैन अशोक आनंद, पवन कौशिक पहुंचे। महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि लड़कों के वर्ग में चंडीगढ़ को बिहार को 17-15 के अंतर से, दिल्ली ने गोवा को 36-7 के अंतर से, उड़ीसा ने उत्तराखंड को 17-6 के अंतर से, उत्तर प्रदेश ने जम्मू कश्मीर को 18-7 के अंतर से हराया। वहीं लड़कियों के वर्ग में छत्तीसगढ़ ने बिहार को 10-6 के अंतर से, जम्मू कश्मीर ने उड़ीसा को 6-4 के अंतर से, पंजाब ने आसाम को 22-15 के अंतर से, मध्य प्रदेश ने गोवा को 9-5 के अंतर से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। मुख्यतिथि ने कहा कि खेल में खिलाडिय़ों को चाहिए कि वे अपनी हार से हताश होने की बजाय कमियां ढूढ़े तथा भविष्य में उन कमियों को दूर कर और भी बेहतर करने का प्रयास करें। 28 बीडब्ल्यूएन 14: फास्ट फाइव सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में खेलती खिलाड़ी।

**पीएमश्री विद्यालय में पहल**

# शिक्षकों ने सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए किया प्रेरित

- विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुलवंत कौर ने रैली को झंडी दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। दाखिले के लिए जागरूकता रैली को रवाना करती प्राचार्या डॉ. कुलवंत कौर। फोटो : हरिभूमि

पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय के अध्यापकों ने प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में लोगों को सरकारी विद्यालय में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्य के लिए विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुलवंत कौर ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर और आसपास के अनेक विद्यालयों में जाकर अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया और विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से बातचीत भी की। प्राचार्या कुलवंत कौर ने कहा कि सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं की ड्यूटी लगा दी है और आसपास क्षेत्र में आने वाले पहली से पांचवी कक्षा और पहली से आठवीं कक्षा के जितने भी स्कूल हैं, सभी स्कूलों में अध्यापकों की टीम जा रही है। बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों से बातचीत करके उन्हें राजकीय कन्या वमा विद्यालय में दाखिला लेने के लिए प्रेरित कर रही है। सरकारी विद्यालय गुणवत्ता एवं स्किल बेस्ड शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और यहां बच्चों के लिए अनेक तरह के कोर्सेज चलाए जा रहे हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों के भविष्य के लिए सटीक कोर्सेज है। उन्होंने कहा कि नये सत्र 2025-26 के लिए सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चे दाखिले लें और सरकार द्वारा मुफ्त दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर कुसमलता, किरण सिवाच, रेनूबाला, अर्चना यादव, अंजू बाला, ज्योति रानी, संगीता रहेजा, इंदुबाला, बबिता सैन, पूजा शेरावत, सुशील राणा, विजेंद्र शर्मा, ताराचन्द, श्रीनिवास व राजेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भिवानी में श्रीभक्तमाल कथा दो अप्रैल तक होगी

**भिवानी।** राष्ट्रीय संत परम पूज्यश्री गौरदास महाराज श्रीवृंदावन धाम के सान्निध्य में प्रथम बार भिवानी नगर में श्रीभक्तमाल कथा ( सतयुग से लेकर कलयुग के भक्तों का चरित्र) का आयोजन किया जा रहा है। सेवादार पवन बंसल वीरचंद्र दास ने बताया कि 29 मार्च से 2 अप्रैल तक हांसी गेट स्थित श्रीरामकुंज सत्संग धाम में दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक कथा होगी।

### सांस्कृतिक मंच की वर्षगांठ 30 मार्च को

**भिवानी।** सांस्कृतिक मंच अपनी 35वीं वर्षगांठ सांस्कृतिक सदन में मनाएगा। मंच की अध्यक्ष अनीतानाथ और महासचिव कान्तिचन्द्र कौशिक एडवोकेट ने बताया कि 30 मार्च को मंच की द्विवार्षिक बैठक सांय पांच बजे सांस्कृतिक सदन में रखी गई है। मंच के संविधान के अनुसार बैठक में आगामी दो वर्ष के लिए नए अध्यक्ष व नई कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा।

### बॉक्सिंग में नूपुर व पूजा ने जीता स्वर्ण पदक

**भिवानी।** नोएडा में चल रही 8वीं नेशनल महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी की महिला मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीत कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। नूपुर ने 80 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में तथा पूजा ने 80 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता।

### महिला मुक्केबाजों ने स्वर्ण समेत जीते पांच पदक

**भिवानी।** 21 से 27 मार्च तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित 8वीं राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी में एक स्वर्ण सहित 5 पदक जीत कर प्रदेश व देश को गौरव बढ़ाया है। साक्षी ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण, तमन्ना ने 51 किलोग्राम में रात पदक, सुनीता सहारण ने 51 किलो में कांस्य, सविता गोठड़ा ने 54 किलोग्राम में कांस्य व श्वेता ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

# पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए चलेगा सात दिनों तक रेडीनेस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पहली बार शिक्षा विभाग ने बच्चों को पढाई के लिए मानसिक रूप से तैयार करने की कसरत शुरू कर दी। इसी क्रम में शिक्षा विभाग ने पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को प्रवेश उत्सव के दिन खेल खेल में अगली क्लास में पढाई के लिए तैयार किए जाने का फैसला लिया है।

- पढ़ाई के लिए बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करना मुख्य मकसद

प्रवेश उत्सव के दिन अल सुबह इंडोर व आऊटडोर गेम्स करवाए जाएंगे। ताकि बच्चे अगली क्लास की पढाई शुरू करने से पहले पढने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो पाएंगे। इस बारे में शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूल मुखियों को पत्र भेजकर पहले सप्ताह होने वाली गतिविधियों का खाका भेजा है।

### बच्चों का जांचा जाएगा ज्ञान

शिक्षा विभाग प्रवेश उत्सव के पहले सप्ताह में खेल के अलावा पिछली क्लास में बच्चे ने कितना ज्ञान अर्जित किया है,इसकी जांच की जाएगी। पिछली क्लास की दक्षताओं की जांच करके दोहराई की योजना तैयार करे। साथ में यह सुनिश्चित करें कि हर छात्र अगली क्लास के अध्यापक द्वारा लर्निंग गैप को पहचाना जा सके और इस अवधि के दौरान उस गैप को भरा भी जा सके। भेजे निर्देशों में बताया गया है कि क्लास रेडीनेश कार्यक्रम की अवधि के बाद इन पुरानी किताबों को बुक बैंक में जमा करवाया जाए। ताकि अन्य छात्रों को वे किताबें उपलब्ध करवाई जा सके।

### क्लास रेडीनेस से दूर की जाएंगी कमजोरियां



### फेवरेट सब्जेक्ट को जानें

प्रवेश उत्सव के दूसरे दिन पिछली क्लास के फेवरेट सब्जेक्ट व टॉपिक के बारे में पूछा जाए। उस टॉपिक पर बच्चे को बोलने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए। इस दौरान बच्चा बोलने में किसी तरह की झिझक महसूस करता है तो उस सब्जेक्ट या टॉपिक को बच्चे से दो से तीन बार दोहराई करवाई जाए ताकि बच्चे की बोलने की झिझक खतम हो सके। तीसरे दिन क्लास में बच्चों से क्वीज या पहेलियां करवाई जाए। अगर शिक्षक कोई पहेली नहीं पूछता तो बच्चे खुद आपस में साथी बच्चों से पूछ सकते है।

### विभाग की अच्छी पहल



राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी के शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत खेलकूद से हो ये बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बहुत ही अच्छी बात है , खेलों से विद्यार्थी में समय प्रबंधन और अनुशासन के बारे में भी सीखता है, खेलकूद बच्चों के लिए , मोज मस्ती करने, सक्रिय होने और मजेदार शारीरिक गतिविधियों और चुनौतियों में एक साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रपति व पंजाब के राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# संयुक्त किसान मोर्चा ने शहर में किया विरोध प्रदर्शन, दिया धरना

### पंजाब के किसानों पर पुलिस दमन के विरोध में जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा ने मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना देकर पंजाब के किसानों के साथ पंजाब सरकार द्वारा पुलिसिया दमन के विरोध में रोष जताया।

मोर्चा के अपनी लंबित मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति और पंजाब के राज्यपाल के पास ज्ञापन भिजवाया। उपायुक्त की तरफ से ज्ञापन लेने नगराधीश अनिल कुमार किसानों के बीच आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा से रामफल देशवाल, एआईकेकेएस से मास्टर बस्तीराम, भाकियू टिकैत से चांदीराम कुंगड़, युवा कल्याण संगठन से बलबीर सिंह बजाड़, जम्हूरी किसान सभा से सतबीर सिंह व स्वराज ग्राम किसान मोर्चा से ईश्वरसिंह बागनवाला ने संयुक्त रूप से की। किसान नेता रवि आजाद, कामरेड ओमप्रकाश, कमलसिंह प्रधान व रोहतास सैनी ने आरोप लगाया कि सरकार ने शम्भू व खनौरी बोर्डर पर आन्दोलनरत किसानों के साथ बातचीत का ढोंग रचकर उन्हें अचानक गिरफ्तार कर लिया



**भिवानी।** नगराधीश को ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

### बीमा घोटाले की जांच

उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग की कि भिवानी व दादरी में 2023 की खरीफ फसल का 350 करोड़ रुपये के बीमा घोटाले की उच्य स्तरीय न्यायिक जांच करवाए तथा दोषियों को सजा दिलवाने के साथ क्षेमा कम्पनी द्वारा डकारा गया बीमा क्लेम ब्याज समेत किसानों के खातों में डलवाया जाए।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने दिया कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन



**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करती आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स। *फोटो : हरिभूमि*

भिवानी। आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन के आह्वान पर आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों व समस्याओं के समाधान नहीं करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजबाला निनान और राजबाला खानक ने की। जिला प्रधान राजबाला निनान ने बताया कि 20 मार्च को सैकड़ों की संख्या में वर्कर्स व हेल्पर्स ने अपना प्रदर्शन कर 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीटीएम के माध्यम से डायरेक्टर को भेजा। प्रदर्शन में भिवानी ब्लॉक से रमन, सुनीता चहल, प्रिया, सुनीता, चांग से रितु, सुनीता, कैरू ब्लॉक से शकुंतला, शिवानी से कमला निर्मला संतोष, पूनम, मीना, सलोचना दर्शना, आदि शामिल रहीं।

# आढ़तियों के माध्यम से करवाएं सरसों की खरीद



**भिवानी।** मांगों को लेकर धरने पर बैठे आढ़ती। *फोटो : हरिभूमि*

- मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे आढ़ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आढ़तियों के माध्यम से सरसों की सरकारी खरीद शुरू करवाए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को आढ़ती मार्केट कमेटी के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान आढतियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

आढ़तियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनके माध्यम से खरीद शुरू नहीं करवाते। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सुबह सवेरे अनाजमंडी के आढती मार्केट कमेटी के कार्यालय के बाहर पहुंच गए। प्रदर्शन कार्यालय के गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने हैंडलिंग एजेंट के लिए अनेक तरह की शर्ते लगा दी। उनसे ब्लैंक चेक, 25 लाख रुपये सक्रोर्टी, सरसों की खरीद के बाद भंडारण व दोबारा तुलवाई तक उनकी जिम्मेदारी तय की गई है। वह पूरी तरह से गलत है। क्योंकि इतने दिनों तक आढ़ती किस तरह सरसों के वजन का अपडेट रख सकते है। सरकार ने उन पर जो भी शर्त थौपी गई हैं, वे सरासर गलत है।

### शर्तें वापस ले सरकार

उन्होंने सरकार से हैंडलिंग एजेंट के लिए रखी गई सभी शर्तो को वापस लेने की मांग की ताकि आढतियों के माध्यम से सरसों की खरीद करवाई जा सके। अनाज मंडी सरकार ने ही तैयार करवाई और आढतियों को फसलों के खरीद व बिक्री की परमिशन भी दी थी,लेकिन अब सरकार उनसे खरीद करवाने से बच रही है।


